भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1110

जिसका उत्तर 08.02.2024 को दिया जाना है

मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क

1110. श्रीमती शर्मिष्ठा सेठी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में भारतमाला परियोजना के हिस्से के रुप में संचालित मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क की कुल संख्या का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इनकी कुल क्षमता का पार्क-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) ऐसे कितने पार्क स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है; और

(घ) भारतमाला परियोजना के भाग के रुप में ओडिशा में अब तक कितनी परियोजनाएं आरंभ की गई हैं/प्रस्तावित हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) देश में भारतमाला परियोजना के एक भाग के रूप में अब तक कोई एमएमएलपी परियोजना संचालित नहीं की गई है।

(ग) भारत सरकार की आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने भारतमाला परियोजना के तहत मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) के विकास के लिए देश भर में 35 स्थानों को मंजूरी दी है।

(घ) ओडिशा के दो स्थान अर्थात् सुंदरगढ़ और जगतसिंहपुर अनुमोदित स्थानों की सूची में शामिल हैं।

*****